# प्रेस नोट थाना कटरा
# जनपद शाहजहाँपुर
## दिनाँक - 16.02.2026

## “थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत सदोष मानव वध से संबंधित अभियोग में वांछित दो अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार ।“

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों, रोकथाम मादक पदार्थ/अवैध शराब शस्त्र, बिक्री- निर्माण अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी तिलहर के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक कटरा के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 27.01.2026 को वादी मुकदमा श्री भीकम पुत्र स्व0 सोहनलाल निवासी ग्राम लाईखेडा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर की तहरीर बाबत विपक्षीगण 1. द्रुवेश 2. भुपेन्द्र 3. महेश द्वारा आवेदक के साथ मारपीट करने व गाली गलौच करने के सम्बन्ध में थाना कटरा पर एनसीआर नं0 06/2026 धारा 115(2)/352 बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया था। दौराने ईलाज आवेदक की मृत्यु हो जाने के कारण एनसीआर उपरोक्त को मु0अ0सं0 47/2026 धारा 115(2)/352/105 बी.एन.एस. में तरमीम कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल मे लाई जा रही थी।

इसी क्रम में आज दिनांक 16.02.2026 को थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो नफर अभियुक्तगण 1. दुर्वेश पुत्र महेश उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम लाईखेडा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर 2. भूपेन्द्र पुत्र महेश उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम लाईखेडा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर को हुलास नंगला ओवर ब्रिज अंडर बाईपास के पास समय 11.54 बजे गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1. दुर्वेश पुत्र महेश उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम लाईखेडा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. भूपेन्द्र पुत्र महेश उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम लाईखेडा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर

**गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान-**

दिनांक 16.02.2026, समय 11.54 बजे, हुलास नंगला ओवर ब्रिज अंडर बाईपास के पास।

**अभियुक्त दुर्वेश का अपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 47/2026 धारा 115(2)/352/105 बी.एन.एस. थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर

**अभियुक्त भूपेन्द्र का अपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 47/2026 धारा 115(2)/352/105 बी.एन.एस. थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 26.01.2026 को सुबह करीब 08:00 बजे हमारे गाँव के ही भीकमलाल पुत्र स्व0 सोहनलाल से हमारी कहासुनी हो गई थी, जो बाद में मारपीट में बदल गई। मारपीट के दौरान भीकमलाल के सिर में डंडा लग गया था। इसके बाद हम लोग मौके से भाग गए थे। भागते समय हमने रास्ते में किसी सुनसान जगह पर डंडा फेंक दिया था। अब हमें वह स्थान ठीक से याद नहीं है, अन्यथा हम मारपीट में इस्तेमाल डंडा बरामद करा देते।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर,
2. उ0नि0 श्री आदित्य कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर,
3. का0 2685 प्रवीण कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर,
4. का0 2300 अंकित कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर,
5. का0 2698 पंकज कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।